जनपद - संतकबीरनगर **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 14.08.2022**

आज दिनांक 14.08.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक **श्री संतोष कुमार सिंह** के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1484 द्वारा मार्ग दुर्घटना मे घायल 02 लोगों को पहुंचाया गया अस्पताल – पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत बराव से इवेन्ट संख्या 05746 से कालर ने मार्ग दुर्घटना में 02 लोगों के घायल होने के संबंध मे सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर 02 मिनट में पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों को 108 एम्बुलेंस से प्रा0 स्वा0 केन्द्र मलौली भेजवाया गया तथा दुर्घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – उ0नि0 श्री अखिलेश सिंह, मु0आ0 गोरखनाथ, हो0चा0 मेजर यादव।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 40 वाहनो से 26,500 रु0 सम्मन वसूल किया गया

आज दिनांक 14.08.2022 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 40 वाहनों से 26,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल वाहन किया गया।